# Bachelor of Arts (B.A.) Examination: May – 2023
## Distance Education

| Day & Date | Semester | Subject Name | Time | Code | Marks |
|---|---|---|---|---|---|
| Monday 22-05-2023 | VI (Fresh/ Repeater) | D.C. Hindi –Samakalin Kavya | 11:00 AM To 01:30 PM | 646403 | 75 |

**सूचनाएँ:– सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**प्र.1 ससंदर्भ व्याख्या कीजिए। (चार में से दो)** **20**

1) क्रोध से सम्मोह होता है
होश रहता नहीं किसी भी बात का
स्मृति गड़बड़ाती है
स्म्रुतिनाश से बुद्धिनाश होता है
और बुद्धिनष्ट मनुष्य पुरूषार्थ तो फिर कर नहीं सकता।

2) जब तक हाथ में हो अस्त्र मेरे
मार ही सकता हूँ
मर नहीं सकता कभी
हाँ,यदि कभी किसी शोकवश
मैं होश खो बैठू

3) अर्थ ने दिया है बाँध मुझको कोरवों के पक्ष से।
हाय, अर्थ का है दास हर पुरूष
जबकि स्वयं अर्थ
किसी का दास होता नहीं है।

4) कर्म करो बिना फल की चिंता किये
अर्थ, काम और गार्हस्थ्य से
अपने निश्चित कर्तव्य से
मुहँ न मोड़ो

**प्र.2** ‘गाथा कुरूक्षेत्र की’ काव्य नाटक की प्रासंगिकता सविस्तर बताइए। **20**

**अथवा**

वेदव्यास की व्यथा पर ‘गाथा कुरूक्षेत्र की’ के माध्यम से प्रकाश डालिए।

**प्र.3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए (चार में से दो)** **20**

1) ‘गाथा कुरूक्षेत्र की’ के माध्यम से अर्जुन का चरित्र–चित्रण कीजिए।
2) हस्तिनापुर प्रसंग का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।
3) कृष्ण–द्रोपदी संवादों को ‘गाथा कुरूक्षेत्र की’ के माध्यम से समझाइए।
4) कर्ण और दुर्योधन की मित्रता पर प्रकाश डालिए।

**प्र.4 अ) एक वाक्य में उत्तर लिखिए।** **05**

1) पाराशर मुनि के पुत्र का नाम लिखिए।
2) 'अनासक्ति योग' के नाम से किसने एक गीता लिखी थी?
3) अमृत दुग्ध गीता को पिलाकर प्रभु ने किसे मोहमुक्त किया?
4) इच्छा मृत्यु का वरदान किसे प्राप्त था?
5) अर्जुन ने सूर्यास्त तक किसे मारने की प्रतिज्ञा ली थी?

**प्र.4 आ) सही गलत लिखिए।** **05**

1) गीता एक तरह से गृहस्थों का उपनिषद है।
2) चक्रव्यूह में अर्जुन पुत्र की मृत्यु हुयी थी।
3) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने 'महाभारत' को उज्जवल चरित्रों का वन कहा।
4) प्रतीकात्मक दृष्टि से ग्वाले को कृष्ण कहा गया।
5) कर्ण ने द्रोणाचार्य को अश्वत्थामा की मृत्यु का समाचार दिया था।

**प्र.4 जोड़े मिलाइए।** **05**

| अ | ब |
|---|---|
| 1) अर्जुन | अ. द्रुपद् कुमार |
| 2) सुर्यपुत्र | ब. द्रोणाचार्य |
| 3) गंगापुत्र | क. अभिमन्यु |
| 4) दृष्ट्धुम्न | ड. कर्ण |
| 5) अश्वत्थामा | इ. भीष्म |